प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव–2024 के तारीखों की आज करेगा घोषणा, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संध्या पांच बजे झारखंड की लोकसभा चुनाव की तिथियों की देंगे विस्तृत जानकारी।
- मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज चाईबासा में डिग्री कॉलेज और अन्य योजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन, परिसंपत्तियों का भी होगा वितरण।
- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज सरायकेला खरसावां में सेंटर फॉर प्रिजर्वेशन एण्ड प्रोमोशन ऑफ ट्राइबर कल्चर एण्ड हेरिटेज का करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास।
- झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी पीजीटी परीक्षा 2023 के अभ्यर्थियों की डिजिटल कॉपी को सेफ कस्टडी में रखने का दिया आदेश।
- झारखंड के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में अगले तीन दिनों तक गरज के साथ बारिश के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

**************

निर्वाचन आयोग आज दोपहर तीन बजे लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। यह निर्णय कल नई दिल्ली में आयोजित चुनाव आयोग की बैठक में लिया गया। बैठक से पूर्व नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने कल कार्यभार संभाला। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। वहीं, झारखंड में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आज शाम पांच बजे प्रेस कांफ्रेंस बुलाई गई है।

**************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज चाईबासा में डिग्री कॉलेज तथा अन्य योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्ति वितरण समारोह में हिस्सा लेंगे। टाटा कॉलेज ग्राउंड में कार्यक्रम दिन के 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ और सांसद गीता कोड़ा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

**************

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक आज दोपहर 12 बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने यह जानकारी दी है। यह बैठक झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

**************

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज खूंटी लोकसभा अंतर्गत खरसावां के पदमपुर में आज सुबह दस बजे सेंटर फॉर प्रिजर्वेशन एंड प्रमोशन ऑफ ट्राइबल कल्चर एंड हेरिटेज के निर्माण की ऑनलाइन आधारशिला रखेंगे। जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने दो महत्वपूर्ण एफपीओ– कृषक उत्पादक संगठ) और किसान अनुकूल ऐप लांच किए हैं। ये हैं– ई–नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) मोबाइल ऐप, जिसे ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स) के साथ एकीकृत किया गया है और दूसरा, एफपीओ इंस्पेक्शन मोबाइल ऐप। ई–नाम मोबाइल ऐप पर पंजीकृत एफपीओ या किसान कृषि उपज और प्रसंस्कृत उपज ओएनडीसी नेटवर्क वाले खरीदारों के माध्यम से बेच सकते हैं। ई–नाम की शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 14 अप्रैल 2016 को हुई थी।

**************

इवीएम पर पुनः एक बार विश्वास जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने दो रिट याचिकाएँ खारिज कर दीं। इनमें एक याचिका 19 लाख से अधिक इवीएम के गुम हो जाने से संबंधित थी जबकि दूसरी चुनाव में बैलेट पेपर के उपयोग से संबंधित थी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के गुम होने की संभावना एवं आरोप पर दायर रिट में फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने इन संभावनाओं और आरोपो को पूर्णतया बेबुनियाद करार देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के पक्ष में फैसला सुनाया।

**************

गढ़वा जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिये बाल विवाह से आजादी अभियान की शुरुआत की गयी है।

**************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

**************

झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को पोस्ट ग्रेजुएट टीचर परीक्षा 2023 के अभ्यार्थियों की डिजिटल कॉपी की प्रति को सेफ कस्टडी में रखने का निर्देश दिया है। झारखंड उच्च न्यायालय में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से पीजीटी के 3200 पदों के लिए वर्ष 2023 में निकाले गए विज्ञापन के आधार पर ली गई परीक्षा में जेएसएससी के आंसर की में गड़बड़ी के आरोप को चुनौती देने वाली याचिका पर कल सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने जेएसएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के नाम एक पत्र लिखकर उनसे विकसित भारत को कार्यरूप देने के लिए राय मांगी है। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान देश ने ऊंची छलांगें लगाई हैं और जबरदस्त आर्थिक प्रगति देखी है। श्री मोदी ने कहा कि देश परंपरा और आधुनिकता–दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है और भारत की समृद्ध राष्ट्रीय और सांस्कृतिक धरोहर पर बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर देशवासी को गर्व है कि भारत अपनी समृद्ध संस्कृति के साथ आगे बढ़ रहा है।

**************

रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से रेल मंत्रालय ने रांची के विभिन्न स्टेशनों पर एक 11 ट्रेनों के ठहराव को स्वीकृति दी है। जिन स्टेशनों पर ट्रेनों को ठहराव दिया गया है, उसमें पुनदाग, नामकुम, टाटीसिल्वे और सिल्ली रेलवे स्टेशन शामिल है। पुनदाग रेलवे स्टेशन में हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस और हटिया पूर्णिया एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। नामकुम रेलवे स्टेशन में संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस, क्रिया योगा एक्सप्रेस, हटिया पटना पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, सिल्ली रेलवे स्टेशन पर हटिया इस्लामपुर एक्सप्रेस, टाटीसिल्वे रेलवे स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस, संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, क्रिया योगा एक्सप्रेस और हटिया रांची पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है।

**************

खूंटी पुलिस ने लूटकांड सहित अफीम के खेतों से अफीम में चीरा लगाते हुए कुल छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी वरुण कुमार रजक ने बताया कि 12 मार्च को मारंगहदा थाना क्षेत्र से मवेशी कारोबारी से साढ़े तीन लाख रुपये की लूट हथियार के बल कर ली गयी थी। रांची जिले के बुंडू थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अवैध अफीम के खिलाफ खूंटी पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अफीम के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अड़की एवं सायको इलाके से लगभग डेढ़ किलो अवैध अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

**************

चतरा जिले के टंडवा सिमरिया मुख्य मार्ग पर स्थित सियानी मधवापुर में आज सुबह कोयला लदे वाहन की टक्कर से आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है वहीं 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है।

**************

राज्य के दक्षिणी और निटवर्ती मध्य भागों में आज से अगले तीन दिनों तक गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 17 और 18 मार्च को तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। 19 मार्च को राज्य के कुछ हिस्सों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

**************

अखबारों की सुर्खियां–

राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कल चतरा में आयोजित रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रम, रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह और हजारीबाग में बीपीएससी के सॉल्वर गैंग की खुलासे की खबर को प्रमुखता से लिया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–हजारीबाग में जुटे बिहार शिक्षक नियुक्ति के 250 अभ्यर्थी, पुलिस ने रोका, पेपर लीक की आशंका।

दैनिक हिन्दुस्तान की सुर्खी है होली में मिलावटी तेल और सस्ते मसाले का खेल।

दैनिक भास्क की सुर्खी है–रांची से गोरखपुर के लिए मिली नई साप्ताहिक ट्रेन, हर शुक्रवार चलेगी।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की घोषणा को सुर्खी बनाते हुए लिखा है–जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई के लिए घंटी आधारित शिक्षकों की होगी नियुक्ति।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के वक्तव्य को रेखांकित करते हुए लिखा है विश्वविद्यालय पर युवाओं को सशक्त करने की जिम्मेदारी।

द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स की सुर्खी है लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान आज।

**************